स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 02.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

अमृत मिशन, लोकसुराज एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की आयुक्त चौहान ने

भिलाईनगर/ शहर की पेयजल योजना व्यवस्थित हो, घर–घर पानी पहुंचे, किसी परिवार को पानी की समस्या न हो के कार्य को पूर्ण करने के लिए मिशन अृमत के अंतर्गत पेयजल वाहिनी पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। शासन द्वारा समय–समय पर प्रगति की समीक्षा एवं मार्गदर्शन हेतु दिशा निर्देश प्राप्त होते रहते हैं। आज आयुक्त के0एल0 चौहान, अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, ने सभी जोन के जोन आयुक्त, सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी एवं नोडल अधिकारी एवं कार्य करने वाली एजेंसी के कर्मचारियों के साथ निगम सभागार में समीक्षा बैठक ली तथा योजनाओं में किस क्षेत्र में कितना प्रगति हुआ की जानकारी से अवगत हुए।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने अमृत मिशन योजना की जोनवार समीक्षा करते हुए इस योजना के अंतर्गत जो कार्य किये जाने है जैसे– नवीन पाईप लाईन बिछाने हेतु प्रस्तावित क्षेत्र में पूर्व से पाईप लाईन नहीं बिछी है, पूर्व में पाईप लाईन किस वर्ष में बिछाई गई, क्या यह बिछी हुई पाईप लाईन जर्जर है एवं उसका उपयोग होना जनहित में संभव नहीं है, पाईप लाईन के हाईड्रोलिक माड्यूल के अुनसार पूर्व में बिछाई गई लाईन का व्यास (डायामीटर) कम होने के कारण डिजाईन के अनुसार अधिक डायामीटर की लाईन बिछाया जाना आवश्यक है, पूर्व में बिछाई गई पाईप लाईन क्षेत्र की पेयजल आवश्यकता के अनुसार नहीं है। अत्एव डिजाईन के अुनसार अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाया जाना आवश्यक है तो इस संबंध में इस योजना के प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। आयुक्त के0एल0 चौहान ने इस योजना के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरुप कार्य करने के निर्देश दिये गये।

प्रधानमंत्री आवास योजना ''मोर जमीन मोर मकान'' की समीक्षा करते हुए श्री चौहान ने नोडल अधिकारी से निगम क्षेत्र के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के द्वारा बनाये जा रहे मकान की स्थिति से अवगत होते हुए हितग्राहियों को शासन के मापदण्ड अनुरुप निर्धारित समय पर दी जा रही राशि के जानकारी से अवगत होते हुए, लोक सुराज अभियान 2018 के तहत् प्राप्त आवेदनों के संबंध में जोनवार समीक्षा की। आयुक्त चौहान ने ''मोर जमीन मोर मकान''योजना के तहत् आवेदन करने वाले हितग्राहियों से अपील की है कि जिसको भवन अनुज्ञा (बिल्डिंग परमिशन) जारी किया जा चुका है वे अपना–अपना मकान बनाना शुरु करें।

जन सम्पर्क अधिकारी

सत्यमेव जयते
स्वच्छ भारत मिशन
कार्यशाला
निगम जनदर्शन
नगर पालिक निगम भिलाई